सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 120 | इंदौर, शुक्रवार 14 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

बिहार में उड़ गया गर्दा...

## NDA की आंधी में PK का बस्ता पैक, कांग्रेस और ओवैसी भी पस्त



**पटना, (एजेंसी) बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे के अब तक के रुझानों में एनडीए ने '160 पार' का आंकड़ा हासिल कर लिया है. 243 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 121 है, और एनडीए इससे कहीं ज्यादा सीटों पर बढ़त बनाए हुए हैं. दूसरी तरफ, महागठबंधन अपने पिछले प्रदर्शन से भी पिछड़ गया है.**

सुबह 8 बजे काउंटिंग शुरू हुई और पोस्टल बैलेट ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए को बढ़त मिल गई. करीब 10:30 बजे तक के रुझानों के हिसाब से अगर बात करें तो जेडीयू 83 सीटों पर बढ़त के साथ 'बड़े भाई' की भूमिका निभाने के लिए तैयार है. हालांकि, दोनों दलों ने बराबर सीटों पर चुनाव लड़ा है. पिछले चुनाव की सबसे बड़ी पार्टी रही आरजेडी इस बार पिछड़ गई है और इनके बढ़त का आंकड़ा 50 से नीचे खिसक गया. साथी कांग्रेस भी कमजोर कड़ी के रूप में नजर आ रही है. हालांकि यह सब शुरुआती रुझान हैं, और काउंटिंग आगे बढ़ने के साथ तस्वीर बदल भी सकती है.

## उज्जैन अब अलग शहर नहीं, इंदौर मेट्रोपॉलिटन का हिस्सा : डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को



इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 'मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' में शामिल हुए। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इस कॉन्क्लेव का मुख्य उद्देश्य प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का एक वैश्विक केंद्र बनाना है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने टेक्नोलॉजी आधारित विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सेना के साथ एमओयू किया है। उन्होंने कहा, बाबा महाकाल और खजराना गणेश की कृपा से यह कॉन्क्लेव सफल हो रहा है। इंदौर अब बैंगलुरु जैसी बड़ी सिटी की तरह अपने पंख फैलाकर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर और भोपाल जैसे शहर भी तेजी से विकास की ओर अग्रसर हैं। सीएम यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से दुश्मन का सामना कर जब भारत ने सफलता हासिल की, तो पूरी दुनिया भौचक्की रह गई। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि अब उज्जैन, उज्जैन नहीं, बल्कि इंदौर मेट्रोपॉलिटन का शहर है। उज्जैन, इंदौर, देवास और धार को लेकर जो मेट्रोपॉलिटन प्लान तैयार किया गया है, उसमें फिनटेक टेक्नोलॉजी और साइंस सिटी बनाने की योजना शामिल है। उन्होंने बताया कि स्पेस टेक्नोलॉजी रिसर्च के लिए राजा जयसिंह के समय की प्राचीन ऑब्जर्वेटरी और वर्तमान के विज्ञान का समायोजन कर काम किया जाएगा, क्योंकि यह क्षेत्र पृथ्वी के मध्य बिंदु पर आता है। इस दिशा में सरकार ने गंभीरता से काम करने का संकल्प लिया है। सीएम यादव ने बताया कि इस आयोजन में कुल 65 गतिविधियां हुई हैं।

### स्पेस टेक पॉलिसी-2025 शीघ्र होगी लागू मप्र भरेगा नई उड़ान : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# भोपाल में 2000 एकड़ क्षेत्र में बनेगी नॉलेज एंड एआई सिटी

- साइंस सिटी प्रोजेक्ट के लिये 25 एकड़ भूमि होगी आवंटित
- मध्यप्रदेश, भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का बनेगा हब
- मुख्यमंत्री ने 22 नई इकाइयों का लोकार्पण और 4 प्रमुख परियोजनाओं का किया भूमिपूजन
- 15 हजार 896 करोड़ का निवेश और 64 हजार से अधिक के रोजगार के अवसर
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में तकनीकी विकास का प्रारंभ हुआ स्वर्णिम युग
- एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव में उद्योगपतियों ने निवेश के प्रति जताई रुचि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश अब अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में एक नई उड़ान भरने जा रहा है। हम बहुत जल्द स्पेस टेक पॉलिसी-2025 लागू करने जा रहे हैं, जिससे राज्य में सैटेलाइट डेटा, रिमोट सेंसिंग और स्पेस स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन मिलेगा। भोपाल में 2000 एकड़ भूमि पर नॉलेज एण्ड एआई सिटी विकसित की जायेगी। यह सिटी आधुनिक हाईटेक सिटी और सायबर सिटी की तर्ज पर बनाई जायेगी। यहां विश्वस्तरीय संस्थान, अनुसंधान केन्द्र और स्टार्ट-अप्स एक साथ आएंगे जिससे मध्यप्रदेश भारत का एआई हब बन जायेगा। साइंस सिटी प्रोजेक्ट के लिये 25 एकड़ भूमि आवंटित् की जा रही है। यहां विज्ञान, नवाचार, और तकनीकी अनुसंधान के लिये अत्याधिक सुविधाएं विकसित की जायेंगी। यह परियोजना आने वाले वर्षों में हमारे युवाओं और विद्यार्थियों के लिये ज्ञान और प्रयोग का केन्द्र बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में शामिल निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में तकनीकी विकास का स्वर्णिम युग प्रारंभ हुआ है। इस दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने राज्य के तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र को नई गति देने के लिये मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन इंदौर में किया है। यह आयोजन प्रदेश को भारत में उभरते टेक्नालॉजी मानचित्र पर अग्रणी स्थान



दिलाने में की दिशा में ऐतिहासिक कदम सिद्ध हुआ है। राज्य सरकार की प्रगतिशील नीतियां, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा, निवेश अनुकूल वातावरण और कुशल मानव संसाधन ने मध्यप्रदेश को ग्लोबल निवेशकों के लिये आकर्षण का केन्द्र बना दिया है। आईटी, एआई, सेमी कंडक्टर, ड्रोन, फिनटेक, क्लाउड और इएसबीएम जैसे क्षेत्रों में प्रदेश की प्रगति तीव्र गति से हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्दौर में मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में कुल 68 कार्य हुए जिनमें उद्घाटन, भूमि-पूजन, आवंटन-पत्र वितरण, एग्रीमेंट, एमोयू, नीति एवं पोर्टल लॉन्च सहित उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग हुई। इनसे प्रदेश में कुल 15 हजार 896 करोड़ का निवेश आएगा साथ ही 64 हजार 85 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह आयोजन प्रदेश की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्वेस्टर्स समिट से अप्रेल 2025 में हुए टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 1.0 तक लगभग 99 निवेश प्रस्ताव हुए थे, जिससे लगभग 34 हजार करोड़ रूपये के निवेश और 2 लाख लोगों के लिये रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। इसमें 27 प्रोजेक्ट, जमीन आवंटन के साथ अन्य कार्यप्रगतिरत है। साथ ही 8 प्रोजेक्ट साइट विजिट के चरण में है, जो प्राप्त प्रस्तावों का 47 प्रतिशत है। मात्र 8 महिने में लगभग 6 हजार करोड़ का निवेश एवं 50 हजार लोगों का रोजगार का सपना साकार हुआ है। यह मध्यप्रदेश की टेक ड्रिवन ग्रोथ का सकारात्मक परिणाम है।

**9 कंपनियों को प्रदाय किए भूमि आवंटन के आशय-पत्र-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कॉन्क्लेव में निवेश और उद्योग संवर्धन लिए 9 कंपनियों को भूमि आवंटन के लिये आशय पत्र जारी किए गए। इन इकाइयों से प्रदेश में कुल 10.61 करोड़ रुपये का निवेश और लगभग 740 नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। इन आशय पत्रों से विभिन्न टेक्नोलॉजी, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की कंपनियों को निवेश के लिए आवश्यक भूमि और संसाधन उपलब्ध कराए जाएँगे जिससे मध्यप्रदेश में उद्यमिता और औद्योगिक विकास को और मजबूती मिलेगी। टॉस, इजीसॉफ्ट कंपनी, ओम्निस बिल्डकेयर एलएलपी, फ्लैट ट्रेडब्रोकिंग सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, असिस्ट क्लिक प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिमोंक, मैमथ एग्जॉस्ट्स इंडिया, एमपी ऑनलाइन, रिद्धि एंटरप्राइज को भूमि आवंटन पत्र जारी किए गए हैं।

### एमओयू पर हस्ताक्षर

कॉन्क्लेव में मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने की दिशा में 7 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू से प्रदेश में लगभग 800 करोड़ रुपये का निवेश होगा तथा 10 हजार 500 से अधिक नए रोजगार अवसर सृजित होंगे। ये एमओयू सिलिकॉन वेफर विनिर्माण संयंत्र, आईटी पार्क विकास, टेक्नोलॉजी रिसर्च, गेमिंग, स्किल डेवलपमेंट एवं नवाचार जैसे उभरते क्षेत्रों से जुड़े हैं। इस पहल में सोमवेदा एंटरप्राइज, डीएवीवी आईटी पार्क, एएनएसआर, गेम डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडस आंत्रप्रेन्योर्स राजस्थान, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग महू, कोडयोगी फाउंडेशन जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। राज्य सरकार एवं भारतीय सेना के मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के मध्य सायबर सुरक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र और नागरिक तकनीकी क्षेत्र के बीच सहयोग को सुदृढ़ करते हुए अत्याधुनिक तकनीकों के विकास, नवाचार और कौशल वृद्धि को बढ़ावा देना है। यह पहल मध्यप्रदेश को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से की वन-टू-वन चर्चा

## नए निवेश प्रस्तावों और औद्योगिक क्लस्टरों की स्थापना पर हुई बातचीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा की। इससे मध्यप्रदेश में निवेश संभावनाओं, औद्योगिक क्लस्टरों, तकनीकी केंद्रों और नवाचार आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। वन-टू-वन में आईटी, ड्रोन, एयरोस्पेस, सेमीकंडक्टर, रक्षा, ईवी मैन्युफैक्चरिंग, फिल्म टेक्नोलॉजी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर जैसे क्षेत्रों में निवेश, भूमि आवंटन, नीति प्रोत्साहन और प्रशिक्षण सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय सेना के मेजर जनरल गौतम महाजन, ब्रिगेडियर एम.एस. रंधावा, ब्रिगेडियर दीपक पुरी, कर्नल मनोजित सिन्हा, लेफ्टिनेंट कर्नल अरिजीत चंद्र सेन से मुलाक़ात की। इस दौरान राज्य सरकार और भारतीय सेना के मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के बीच साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान एवं विकास के लिये एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। यह समझौता रक्षा एवं नागरिक तकनीकी सहयोग को सुदृढ़ कर मध्यप्रदेश को तकनीकी नवाचार में अग्रणी बनाएगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एएनएसआर ग्लोबल के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक विक्रम आहूजा से मध्यप्रदेश में नया 'जीसीसी हब" स्थापित करने के संबंध में चर्चा की। बैठक में हब के लिए उपयुक्त स्थान, कार्यालय अवसंरचना, पूंजी निवेश, प्रशिक्षण एवं भर्ती प्रोत्साहन, जीसीसी पॉलिसी और इंसेंटिव फ्रेमवर्क के तहत सहयोग पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनंत टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक डॉ. सुब्बाराव पवुलुरी से मुलाक़ात की। इस दौरान डिफेंस क्लस्टर की स्थापना, निवेश प्रोत्साहन, भूमि आवंटन और अवसंरचना विकास पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने वेना इंडिया के निदेशक गौतम यादव एवं सह-निदेशक पार्थ सेन गुप्ता से भी वन-टू-वन चर्चा की। प्रतिनिधियों ने बताया कि कंपनी द्वारा इंदौर में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) पहले ही स्थापित किया जा चुका है। मध्यप्रदेश ग्लोबल कैपेबिलिटी नीति 2025 के तहत प्रोत्साहनों और भोपाल-इंदौर जैसे शहरों में भविष्य के विस्तार पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एमरॉल्ड इन्फ्राइस्पैट लिमिटेड के निदेशक अनिल ज्ञानचंद भंसाली ने मुलाकात कर बिंदौरी (भोपाल) स्थित ईएमसी-2 में पीसीबी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के प्रस्ताव पर चर्चा की। एमपी सेमीकंडक्टर नीति-2025 के तहत विद्युत एवं गैर-विद्युत प्रोत्साहनों की मांग, भूमि आवंटन में छूट और राज्य में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विकास अवसरों पर विचार-विमर्श हुआ।

थॉमसन सेमीकंडक्टर्स प्रा. लि. के सीईओ डॉ. श्रीनिवास अनंत ने बताया कि कंपनी प्रदेश में दो बड़ी परियोजनाओं में निवेश करना चाहती है, जिसमें पैकेजिंग-परीक्षण इकाई, ईवी बस और ट्रक मैन्युफैक्चरिंग इकाई शामिल हैं। भूमि आवंटन, पर्यावरण सहायता, ऊर्जा-जल आपूर्ति, लॉजिस्टिक्स सुविधाएँ तथा पीएलआई, फेम, पीएम ई-ड्राइव जैसी योजनाओं के लाभ पर चर्चा हुई।

बीवीजी इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक हनुमंत राव गायकवाड़ ने प्रदेश में वैश्विक ड्रोन एवं रोबोटिक्स क्लस्टर स्थापित करने की इच्छा जताई, जिसमें प्रशिक्षण, परीक्षण और अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी। मध्यप्रदेश ड्रोन नीति-2025 के अंतर्गत भूमि, बुनियादी ढांचा, पीएलआई लाभ और विनियामक सहयोग पर विचार हुआ। आर.डब्ल्यू.एस. मोराविया इंडिया प्रा. लि. के सेंटर हेड विशाल डकोलिया ने बताया कि कंपनी ने इंदौर में अपनी जीसीसी सुविधा का निर्माण पूरा कर लिया है और अब उसका विस्तार करना चाहती है।

लाइट एन लाइट ग्रुप के सैयद जावेद अली ने प्रदेश में आधुनिक फिल्म एवं शूटिंग उपकरण विनिर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। फिल्म पर्यटन नीति, जीएसटी एवं स्टाम्प ड्यूटी छूट, बिजली रियायत और सिंगल विंडो प्रणाली जैसे प्रोत्साहनों पर भी चर्चा हुई। सोलुजेनिक्स के डायरेक्टर चंद्र कोठापु से निवेश प्रोत्साहनों और भोपाल-इंदौर में विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा की। सोरिंग एयरोटेक प्रा. लि. के प्रतिनिधि दैविश जैन और डॉ. मनोज देशपांडे से ड्रोन क्लस्टर भूमि आवंटन, ड्रोन नीति-2025, स्टार्टअप नीति तथा स्थानीय विश्वविद्यालयों के साथ स्किल डेवलपमेंट सहयोग पर चर्चा की गई।

# 15 फीट की गली 60 फीट चौड़ी सड़क में होगी तब्दील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर का जीवन रेखा मार्ग कहे जाने वाले बीआरटीएस रोड के ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए समय-समय पर विभागों ने लिंक मार्गों का निर्माण किया है। इस बार एलआईजी मार्ग से एमआर-9 लिंक मार्ग को जोड़ने वाली एक गली को चौड़ा किया जा रहा है। मालवीय नगर बस्ती की यह गली पहले 15 फीट चौड़ी थी। आमने-सामने के वाहन भी नहीं निकल पाते थे, लेकिन अब इसे नगर निगम 60 फीट चौड़ा बना रहा है। इसके लिए बड़े पैमाने पर बाधक निर्माण भी तोड़े गए। इसका दर्द उन परिवारों की आंखों में देखा जा सकता है, जिनको रहने के घर भी नहीं बचे।**



हालांकि ज्यादातर मकानों से आठ से दस फीट के निर्माण टूटे हैं। आने वाले दिनों में जब सड़क बन जाएगी तो यह मुख्य मार्ग हो जाएगा और व्यावसायिक गतिविधियां इन मकान मालिकों के लिए फायदेमंद रहेंगी। इस लिंक रोड के बनने से एलआईजी जंक्शन पर ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा। अभी सुबह और शाम के समय इस चौराहे पर जाम जैसे हालात बनते हैं। लिंक रोड से होते हुए वाहन चालक सीधे एमआर-9 मार्ग तक पहुंच सकेंगे। भविष्य में एमआर-9 मार्ग बायपास से जुड़ेगा। तब ट्रैफिक में और आसानी होगी। इसके अलावा एमआर-9 जंक्शन पर भी ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इस सड़क को बनाने के लिए पिछले दिनों डेढ़ सौ से ज्यादा निर्माणों को नगर निगम ने तोड़ा। रहवासियों ने काफी विरोध भी किया। 30 परिवारों के पास एक इंच भी जमीन नहीं बची। नगर निगम ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान दिए हैं, लेकिन वे वहां जाना नहीं चाहते। मकान टूटने के बाद टीन शेड में रहे ठाकुर परिवार की सदस्य प्रियंका ने कहा कि उनका परिवार बस्ती में टिफिन सेंटर चलाकर गुजारा करता था। दो साल पहले ही तीन मंजिला मकान बनाया था। तब जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि मकान नहीं टूटेंगे। अब हमारे रहने के लिए घर नहीं बचा। बस्ती की सड़क को चौड़ा करने का काम शुरू होने से पहले इस गली में मकानों की कीमतें भी बढ़ गई हैं। चार साल पहले तक दस बाय 50 का मकान 25 लाख रुपये में मिल जाता था, लेकिन अब उनकी कीमत 35 से 40 लाख हो चुकी है। रहवासी विनोद चोपड़ा ने बताया कि हमें भले ही अभी मकान टूटने से नुकसान हुआ है, लेकिन सड़क चौड़ी होने के बाद इसकी भरपाई हो जाएगी। यहां दुकान व शोरूम खुल जाएंगे।

### एक नजर

1. 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए हटाए 150 निर्माण
2. मालवीय नगर बस्ती में 1980 में अर्जुन सिंह सरकार ने पट्टे दिए थे
3. मास्टर प्लान में सड़क की चौड़ाई 60 फीट है। पहले सिर्फ 15 फीट की गली थी
4. अब दस करोड़ रुपये खर्च कर 900 मीटर लंबाई में सड़क बनाई जा रही है
5. दो चौराहों पर इस सड़क के बनने से होगा ट्रैफिक का दबाव कम

● नवविवाहिता की मौत के मामले में एफआईआर

# पति मायके पक्ष के लोगों से बात भी नहीं करने देता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आजाद नगर में रहने वाली एक नव विवाहिता के फांसी लगाने के मामले में पुलिस ने उसके पति और सास,ससुर को आरोपी बनाया है। नव विवाहिता ने 21 अक्टूबर को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। इसके बाद उसके मायके पक्ष के लोगो ने ससुराल के लोगों पर आरोप लगाए थे।**

आजाद नगर पुलिस ने रोशनी अराठे की मौत के मामले में उसके पति आनंद अराठे निवासी इदरीश नगर,ससुर अशोक और सास सुनीता के खिलाफ दहेज हत्या के मामले में एफआईआर की है। रोशनी ने फांसी लगाकर सुसाइड किया था। पुलिस की जांच में पता चला कि रोशनी की शादी को छह माह ही हुए थे। ससुराल के लोग उसके मायके पक्ष के लोगों से बात नहीं करने देते थे। उसे मोबाइल भी नहीं दिया था। जब आनंद रात में काम से वापस घर आता तब उसकी माता पिता या परिवार में बहन से बात करा देता। जिसमें वह अपने सामने ही वीडियो कॉल पर बात करने के लिए दबाव डालता। 21 अक्टूबर की सुबह आनंद के मोबाइल से उसके पिता के मोबाइल पर कॉल आया। तब उसने पिता को बताया कि उसके साथ रात में पति ने काफी मारपीट की। तब उसने ससुराल के लोगों के बारे में बताया कि हर छोटी बात पर मारपीट करते हैं। तब उन्होंने आनंद से बात की तो वह अकड़ने लगा। दीपावली के दिन भी आनंद ने अपनी पत्नी रोशनी से मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया था। इसके बाद उसी दिन रात में कॉल आया कि बेटी ने सुसाइड कर लिया है। पोस्टमार्टम जांच में पता चला कि रोशनी की जब मौत हुई तो वह तीन माह की गर्भवती भी थी। पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों के बयान लेने के बाद मामले में कार्रवाई कर दी।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव यात्रा का शुभारंभ



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भगवान बिरसा मुंडाजी की 150वीं जयंती के अवसर पर इंदौर जिले में जनजातीय गौरव यात्रा का शुभारंभ आज अंबेडकर नगर (महू) से किया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. अंबेडकर नगर महू राकेश परमार द्वारा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित रहे। यह जनजातीय गौरव यात्रा ग्रामीण अंचलों में जनजागरण एवं भगवान बिरसा मुंडा जी के अदम्य साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

# गांधी प्रतिमा पर पक्षियों के अन्न के चक्कर में चूहों ने बनाए सैकड़ों बिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के एमवाय अस्पताल में सितंबर माह में चूहों ने दो मासूमों के हाथों की उंगलियां कुतर दी थी। इसके बाद नवंबर की शुरुआत में शास्त्री ब्रिज की रोड का कुछ हिस्सा भी चूहों के कारण धंस गया था। जिसमें सुधार जारी है।**

शास्त्री ब्रिज पर जहां सड़क का हिस्सा धंस गया था, उस गड्ढे में दीवार तो बना दी गई है। अब यहां पर चूहों के लिए ट्रीटमेंट का काम किया जाएगा, जिससे चूहे यहां ओर नुकसान ना कर सके। दूसरी ओर, अब जनकार्य प्रभारी के पास गांधी प्रतिमा के यहां भी चूहों को लेकर शिकायतें मिली है। जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने कहा हमने रीगल ब्रिज के बाद तिराहे पर लगी प्रतिमा का निरीक्षण भी किया है. हमें पता चला था कि शहर के हृदय स्थल रीगल तिराहा पर लगी गांधी प्रतिमा के नीचे और परिसर में कई चूहे मिले हैं। यहां बड़ी संख्या में चूहों के बिल भी मिले हैं। इनकी संख्या हजारों में है। हम यहां फिर से विशेषज्ञों की टीम से परीक्षण कराएंगे। इसे समय पर नहीं सुधारा गया तो किसी दिन बड़ा हादसा होने की आशंका है। इस पर हम जल्द से जल्द एक्शन प्लान तैयार करेंगे। 2 नवंबर को शास्त्री मार्केट की तरफ जाने वाले ब्रिज की रोड का हिस्सा अचानक धंस गया था। जिससे यहां 5 फीट गहरा और 6 फीट लंबा गड्ढा हो गया था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोड का ट्रैफिक थोड़ा डायवर्ट कर दिया था। बाद में निगम की टीम ने उस गड्ढे को भर दिया था। नगर निगम के जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर ने मौका मुआयना किया। एसजीएसआईटीए के शिक्षक और निगम के इंजीनियरों को भी बुलवाया। उन्होंने वहां निरीक्षण किया। जहां पर रोड धंसी थी उसकी पास में ही एक चाय की दुकान थी। जिसे बंद करा दिया गया। वहीं गड्ढे को भरने के लिए गड्ढे के अंदर दीवार बनवाई गई। जिसके बाद इसे भरने का काम किया गया। हालांकि अभी काम पूरा नहीं हुआ है।राजेंद्र राठौर ने बताया कि रीगल तिराहे पर भी बनी गांधी प्रतिमा के पास भी चूहों की शिकायतें मिली है। उन्होंने बताया कि शास्त्री ब्रिज की घटना के बाद कई लोगों द्वारा कॉल कर शिकायत की गई है कि यहां पर चूहे हो रहे हैं। यहां पर कई लोग पक्षियों को दाना डालते हैं। इसके चलते यहां कई पक्षी दाना खाना आते हैं। दाना प्रतिमा के आसपास भी फैला रहता है। जिसके चलते यहां चूहे होने की शिकायत लोगों ने की है।



## सिविल जज परीक्षा की टॉपर भामिनी बोली-
# लॉ को रटने के बजाए उसे गहराई से समझा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सिविल जज परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान पाने वाली इंदौर निवासी भामिनी राठी ने सोचा नहीं था कि वह प्रदेश में इस परीक्षा में टॉप करेगी। यह उनका पहला प्रयास था और उसमें ही उन्होंने प्रदेश में पहला स्थान पा लिया। रायपुर में सिविल जज के रुप में सेवाएं दे रही भामिनी का कहना है कि मैने कानून के प्रावधानों को रटने के बजाए समझा। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के चर्चित फैसलों का गहराई से अध्ययन किया। इससे बहुत मदद मिली। भामिनी ने बताया कि ताऊजी बीडी राठी हाईकोर्ट जज थे। वे ही मेरी प्रेरणा बने। परिवार के तीन सदस्य विधि क्षेत्र से जुड़े थे, इस कारण पहले से ही तय कर लिया था कि सिविल जज बनना है। इस सफलता के लिए मेरे माता-पिता, परिजन व दोस्तों ने हमेशा मुझे मेहनत करने की प्रेरणा दी। मेरी मां मुझसे हमेशा कहती थी कि तुम परिवार का



नाम रोशन करोगी। माता-पिता के चेहरे पर सच्ची खुशी देखकर अच्छा लगता है। मध्यप्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ में भी सिविल जज परीक्षा दी थी। वहां मेरा सिलेक्शन हो चुका था, लेकिन यह भी विश्वास था कि मुझे मेरे गृह राज्य में जाना है। आखिरकार वही हुआ, लेकिन यह पता नहीं था कि परीक्षा में पहला स्थान आ जाएगा। भामिनी ने बताया कि क्लास में जो पढ़ाया जाता था, उसका मैं रिवीजन करती थी। परीक्षा की तैयारी में बेयर एक्ट्स और उनकी व्याख्या पर मैने ज्यादा फोकस किया। मॉक टेस्ट और पुराने प्रश्न पत्र हल किए। समय प्रबंधन का भी ध्यान रखा। यह बातें मेरे लिए मददगार साबित हुई।

# पशु कल्याण संस्थाओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गुरुवार को कई पशु कल्याण संस्थाओं ने कलेक्टर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी करते हुए एयरपोर्ट और 56 दुकान क्षेत्र से डॉग्स को अवैध रूप से पकड़ लिया है।**

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है और निगम की यह कार्रवाई कानून के खिलाफ है। संस्थाओं ने चेतावनी दी कि अगर आदेशों का पालन नहीं किया गया, तो यह मामला अदालत की अवमानना के रूप में उठाया जाएगा।

प्रदर्शन में NeedyTail Foundation, PFA Indore, Jasraj Animal Shelter और Animal Welfare and



Rehabilitation Society के पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के सख्त पालन की मांग की और ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन एसडीएम ने लिया और कार्रवाई का भरोसा दिया। PFA इंदौर के अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने केवल अस्पताल, स्कूल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग जैसे संवेदनशील इलाकों से ही डॉग्स को हटाने की बात कही है, वो भी Animal Birth Control (ABC) Rules 2023 के तहत प्रक्रिया अपनाकर। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट या सभी सार्वजनिक जगहों से डॉग्स हटाने का कहीं भी आदेश नहीं है। संस्थाओं ने बताया कि नगर निगम के पास अभी कोई भी अनुमोदित स्थायी शेल्टर नहीं है, फिर भी निगम ने डॉग्स को ABC केंद्र में अवैध रूप से कैद कर रखा है। यह न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है, बल्कि पशु क्रूरता निवारण कानून का भी उल्लंघन है। संस्थाओं ने कहा कि अगर नगर निगम ने जल्द ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं किया, तो यह मामला न्यायालय की अवमानना के तहत दायर किया जाएगा।

### सभी संस्थाओं की मांग

1. अवैध रूप से पकड़े गए डॉग्स को तुरंत छोड़ा जाए।
2. नगर निगम द्वारा स्थायी शेल्टर की व्यवस्था तत्काल की जाए।
3. सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।
4. पशु कल्याण संगठनों को निगरानी प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

## अधिकारियों की फर्जी प्रोफाइल से ठगे जा रहे लोग

### ● सस्ते सामान बेचने, तबादले का झांसा देने या मदद के नाम पर पैसे ऐंठते हैं ठग

**इंदौर।** सायबर ठग प्रदेश के बड़े प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। ये ठग सस्ते सामान बेचने, तबादले का झांसा देने या मदद के नाम पर पैसे ऐंठते हैं। वर्तमान में मध्यप्रदेश के आईएएस और आईपीएस समेत कई ब्यूरोक्रेट्स की फेक आईडी सोशल मीडिया पर बनाई जा रही है। इन सबका मकसद लोगों को ठगना है। उनके साथ धोखाधड़ी करना है। डीपी में अधिकारी की फोटो देखकर लोग झांसे में आ जाते हैं और ठगे जाते हैं। इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर ठग ने कई प्रभावशाली लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। बाद में वह उस प्रोफाइल से पैसों की डिमांड करने लगा। इंदौर की सायबर सेल ने तुरंत आईडी बंद करवाई। दीपक सिंह वर्तमान में राज्य निर्वाचन आयोग में सचिव हैं। अलीराजपुर कलेक्टर नीतू माथुर के नाम से एक फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर कई लोगों से पैसे मांगने का मामला सामने आया। जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने तुरंत अपनी प्रोफाइल को बंद करवाया।

# 9 बड़े ड्रग सप्लायरों की पहचान

## "गांधी' और 'डॉक्टर' हैं कोडवर्ड नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत इंदौर क्राइम ब्रांच ने शहर में ड्रग सप्लाई करने वाले 9 बड़े आरोपियों की पहचान की है। ये आरोपी मंदसौर, राजस्थान के प्रतापगढ़ और महाराष्ट्र के रास्ते इंदौर में नशे की सप्लाई करते हैं। ये शहर के कई पेडलरों को ड्रग उपलब्ध कराते हैं। मोबाइल पर ऑर्डर लेकर तय स्थान पर डिलीवरी की जाती है।

क्राइम ब्रांच ने इन आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई है। सभी आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर चल रहे इस अभियान के तहत हाल ही में एसीपी की टीम ने 36 छोटे-बड़े पेडलर पकड़े थे। पूछताछ में उन्होंने महाराष्ट्र, मंदसौर और प्रतापगढ़ के कुछ बड़े ड्रग तस्करों के नाम उजागर किए, जिन पर अब कार्रवाई की जा रही है। क्राइम ब्रांच द्वारा चिन्हित 9 आरोपियों में कई को उनके कोडवर्ड नामों से जाना जाता है। शाहिद खान (निवासी मंदसौर) को 'गांधी' और महफूज खान (निवासी मंदसौर) को 'डॉक्टर' कहा जाता है। अन्य आरोपियों में मनय जैन (मंदसौर), शाहरुख खान (प्रतापगढ़), गुलनवाज पठान (प्रतापगढ़), सलमान उर्फ सलीम (मुंबई), अकरम पठान (नासिक), राजकुमार नारंग (ठाणे) और मगन अखाड़े (देवास) शामिल हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार ड्रग सप्लाई चेन में शामिल सभी बड़े नामों को चिन्हित कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।



## अदालत में फर्जी कोर्ट फीस की रसीदें लगा वकील ने किया पांच लाख का गबन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** बड़नगर कोर्ट में एक वकील द्वारा कोर्ट फीस की फर्जी रसीदें लगाकर पांच लाख रुपये से ज्यादा का गबन करने का मामला सामने आया है। आरोपित अभिभाषक के खिलाफ कोर्ट रीडर की शिकायत पर बड़नगर पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामले में अन्य लोगों को भी आरोपित बनाया जा सकता है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को जिला कोर्ट में रीडर योगेश ठाकुर ने शिकायती आवेदन दिया था। इसके अनुसार वकील उज्ज्वल जोशी निवासी व्यास कॉलोनी ने न्यायालयीन दीवानी मुकदमों में लगने वाले न्यायालय शुल्क की फर्जी रसीदें बनाकर पेश कीं। कोर्ट ने रसीदें का सत्यापन करवाया तो खुलासा हुआ कि रसीदें फर्जी हैं। आरोपित द्वारा कम राशि जमा करवाई जाती थी। इसके बाद वह रसीदों में जीरो बढ़ा देता था। प्राथमिक जांच में पांच लाख 81 हजार 85 रुपये का गबन किया जाना पाया गया। बुधवार को पुलिस ने उज्जवल के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## प्रदेश में 85% से अधिक गणना पत्रक का हुआ वितरण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनिरीक्षण का कार्य सुचारु रूप से जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनिरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश में 100% एन्युमरेशन फॉर्म प्रिंट होकर सभी 55 जिलों में पहुंचाए जा चुके है। 13 नवंबर की स्थिति में प्रदेश में लगभग 85% मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण किया जा चुका है। सतना,सीधी, बुरहानपुर,नीमच, अशोक नगर,पांढुर्णा और पन्ना जिले में लगभग सभी मतदाताओं को फार्म का वितरण भी किया जा चुका हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र श्री झा ने बताया कि प्रदेश में 65 हजार 14 मतदान केंद्र है। सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ कार्यरत है। 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का वितरण किया जा रहा है।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** आयुक्त, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण श्री सौरभ कुमार सुमन ने गुरूवार को विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा की। आयुक्त श्री सुमन ने भोपाल स्थित विंध्याचल भवन में हुई बैठक में कहा कि लंबित शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण के लिए सभी जिलों को पर्याप्त राशि आवंटित कर दी गई है, ऐसे में छात्रवृत्ति से जुड़ी परेशानियां और शिकायतें नहीं आनी चाहिए। श्री सुमन ने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में संयुक्त संचालक श्री भूपेंद्र गोयल, उप-संचालक होमेंद्र पटले और सहायक संचालक सुमित रघुवंशी मौजूद रहे।

**एक दिसम्बर को भव्य रूप में मनाएंगे गीता जयंती, जहां देवियों का वास है, वही है देवास**

# किसानों के लिए सम्मान और समृद्धि का प्रतीक बनी भावान्तर योजना : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● मुख्यमंत्री ने 1.33 लाख से अधिक किसानों के खातों में 233 करोड़ रुपए भावांतर राशि अंतरित की




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भावांतर भुगतान, अन्नदाता के उत्थान का पर्याय है। अन्नदाता को दी गई एमएसपी की गारंटी की पूर्ति करते हुए सोयाबीन भावांतर योजना में 1 लाख 33 हजार किसानों के खाते में 233 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमने जो कहा उसे कर दिखाया।**

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में अनेक किसान हितैषी योजनाएं संचालित की जा रही है। मध्यप्रदेश किसानों को उपज का उचित लाभ दिलवाने के लिए भावान्तर योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। पिछले साल सोयाबीन का भाव 4800 रुपए था, इस बार किसानों को 500 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ देकर 5300 रुपए से अधिक कीमत पर सोयाबीन खरीदा जा रहा है। भावान्तर योजना के लिए प्रदेश में 9 लाख से अधिक किसानों ने सोयाबीन बेचने के लिए पंजीयन किया। आज 1.33 लाख किसानों के खाते में राशि भेजी गई है। हमारी सरकार ने योजना की शुरुआत करने के 15 दिन में ही किसानों से किया वादा पूरा किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को देवास से प्रदेश के 1.33 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों को भावान्तर योजना के अंतर्गत 233 करोड़ रुपए की राशि अंतरित करने के बाद विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर कन्या-पूजन भी किया। वंदे मातरम के गान ने वातावरण को देशभक्ति की भावना का संचार किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देवास जिले के सर्वांगीण विकास के लिए 183.25 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। साथ ही हितग्राहियों को जैविक खेती, कृषि यंत्र एवं पीएमएफएमई सहित विभिन्न योजनाओं में हितलाभ वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि यंत्रों एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित करने वाली प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार 12 नवम्बर को लाड़ली बहनों को जारी बढ़ी हुई राशि का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की बहनों और किसानों को लगातार सौगातें मिल रही हैं। बहनों का आर्थिक सशक्तिकरण सनातन संस्कृति का गौरव है। भारत दुनिया का एक मात्र देश है, जो मातृ सत्ता को स्वीकार करता है। उन्होंने कहा कि जहां देवियों का वास है, वही देवास है। उन्होंने देवास स्थित नोट प्रेस का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां के नोट दुनिया में भारत का मान बढ़ाते हैं। भले ही नोट अर्थव्यवस्था को गति देते हों, लेकिन सोयाबीन, कपास और गेहूं का उत्पादन देश की अर्थव्यवस्था को आधार प्रदान करता है। कृषि उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान देश में महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों, युवाओं और महिलाओं को अनेक सौगातें मिल रही हैं। गरीब कल्याण के लिए भी राज्य सरकार सदैव तत्पर है। कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि मध्यप्रदेश किसानों के लिए भावान्तर योजना संचालित करने वाला देश का इकलौता राज्य है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य में किसान हितैषी सरकार है। कार्यक्रम में विधायक डॉ. राजेश सोनकर, विधायक श्री मनोज चौधरी विधायक श्री मुरली भंवरा, महापौर श्रीमती गीता अग्रवाल, किसान संघ के अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अन्नदाता भाई और लाड़ली बहनें उपस्थित रही।

# चलती बस में आईटी प्रोफेशनल से छेड़छाड़, ड्राइवर-कंडक्टर गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** मुंबई से इंदौर के लिए निकली प्राइवेट ट्रेवल्स की बस में आईटी प्रोफेशनल के साथ छेड़छाड़ करना भारी पड़ गया है। शिकायत पर जहां सेंधवा ग्रामीण थाने में महाराष्ट्र के नांदेड़ के गुरुद्वारे के ज्ञानी, बस ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज किया है। वहीं, पुलिस ने गुरुवार को बस कंडक्टर और ड्राइवर को गिरफ्तार भी कर लिया है।

सेंधवा ग्रामीण थाना प्रभारी ओपी सिंह चौंगड़े के अनुसार मुंबई में कार्यरत एक आईटी प्रोफेशनल की शिकायत पर एक निजी ट्रेवल्स कंपनी के बस ड्राइवर मुकेश बस कंडक्टर और एक पैसेंजर किशोर सिंह के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कल शाम प्रकरण दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि बस ड्राइवर मुकेश और कंडक्टर कल्लू मिरासी को गिरफ्तार कर बस को जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ओपी सिंह चौंगड़े बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान कराया जाना बाकी है। उन्होंने बताया कि पीड़िता मुंबई में आईटी प्रोफेशनल है। पुलिस के अनुसार आईटी प्रोफेशनल एप्लीकेशन के माध्यम से सीट रिजर्व करवाने के बाद 6 नवंबर को मुंबई से इंदौर जाने के लिए एक बस में सवार हुई थी। शुरुआत से ही बस ड्राइवर और कंडक्टर का व्यवहार संदिग्ध नजर आ रहा था, और दोनों के मुंह से शराब की तीव्र गंध आ रही थी । शिकायत के मुताबिक करीब 100 किलोमीटर आगे जाने पर एक सिख युवक ड्राइवर कंडक्टर के केबिन में जाकर बैठ गया। कसारा स्थित एक स्टॉपेज के बाद जब वह फिर से बस में बैठी तो तीनों उसे गलत निगाह से घूर रहे



थे। वह जब अपने केबिन में सो गई तब अचानक नींद खुलने पर देखा कि सिख युवक किशोर सिंह ने उसकी सीट का पर्दा हटाया था। इसके बाद वह बस के कॉरिडोर में बार-बार घूमते हुए मेरी सीट के पास खड़ा होने लगा। महिला ने कहा कि उसने आपत्ति उठाई और घबराते हुए उसकी इंदौर निवासी मां को फोन कर दिया। इस पर किशोर सिंह ने कहा कि वह घर वालों को क्यों फोन लगा रही है मुझसे बात कर सकती हो। महिला घबराकर अपनी सीट पर बैठी रही और लगातार अपने घर वालों से फोन पर संपर्क में रही। महिला ने शिकायत में कहा कि जब उसकी मां बड़वानी जिले के सेंधवा के टोल टैक्स बैरियर के पास पहुंच गई और उसने उतरना चाहा तो किशोर सिंह ने उसके कपड़ों को खींचा और बेड टच करते हुए अश्लील हरकतें कीं। इस दौरान बस ड्राइवर बस को नहीं रोक रहा था, और कंडक्टर भी सहयोग नहीं कर रहा था। शिकायत में बताया कि किसी तरह बस रुकवा कर उसकी मां के पास गई जो खुद गाड़ी ड्राइव करके आई थी। मां उसे अपने साथ इंदौर ले गई और 10 नवम्बर को राजेंद्र नगर थाना इंदौर में प्रकरण दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि राजेंद्र नगर थाने पर जीरो पर प्रकरण दर्ज होने के बाद कल शाम सेंधवा में प्रकरण दर्ज किया गया है।

## समाज के परिचय सम्मेलन, पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि समाज द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन और अधिवेशन पारिवारिक मूल्यों, समाज की परंपराओं एवं संस्कृति को बनाए रखने में सहायक होते हैं। सेन समाज की पहचान श्रम, सेवा और संस्कार से रही है। संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रेरणा बताती है कि कर्म ही पूजा और सेवा ही सच्चा धर्म है। गुजराती सेन समाज प्रदेश के विकास में इसी भावना से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। युवक-युवती परिचय सम्मेलन जीवन साथी खोजने के साथ ही, अलग-अलग परिवारों के बीच नए रिश्ते संजोने का भी अवसर है। यह सम्मेलन सामाजिक सुरक्षा, पारदर्शी संवाद और पारिवारिक विश्वास को मजबूत करने वाला सामूहिक उपक्रम है। समाज के ऐसे समागमों से हमें अपने शिल्प और संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री निवास में सेन समाज की पंचायत आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज के उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन और परिचय सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समाज बंधुओं को राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ऐसे समागमों में व्यवस्था की जाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू योजनाओं से समाज में बड़े पैमाने पर सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने लाड़ली बहना योजना और सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए भावांतर योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य शासन सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

## संपादकीय

# दिल्ली में जहरीली होती वायु गुणवत्ता पर गंभीर चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली में जहरीली होती वायु गुणवत्ता पर गंभीर चिंता व्यक्त की और वकीलों से सुनवाई के लिए वर्चुअल माध्यम से उपस्थित होने को कहा। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने सुनवाई के दौरान कहा कि स्थिति बहुत-बहुत गंभीर है। मास्क से भी काम नहीं चलने वाला है। आप सब यहां क्यों पेश हो रहे हैं? हमारे पास वर्चुअल सुनवाई की सुविधा है, कृपया इसका लाभ उठाएं। इस प्रदूषण से स्थायी नुकसान होगा। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि वे मास्क पहने हुए हैं, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में दम घोंटने वाले वायु प्रदूषण से निपटने के लिए मास्क पर्याप्त नहीं हैं। न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि मास्क पर्याप्त नहीं होगा। हम इस बारे में मुख्य न्यायाधीश से भी चर्चा करेंगे। बता दें कि दिल्ली में प्रदूषण से स्थिति गंभीर ही होती जा रही है, क्योंकि वायु गुणवत्ता लगातार तीसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में रही। 'गंभीर' वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) स्वस्थ लोगों के लिए भी स्वास्थ्य जोखिम पैदा करता है और श्वसन और हृदय संबंधी समस्याओं को तेजी से बढ़ा सकता है। शहर भर के दृश्यों में घने धुंध के कारण इमारतें और सड़कें मुश्किल से दिखाई दे रही थीं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा सुबह 8 बजे दर्ज किए गए आंकड़ों के अनुसार, कई निगरानी केंद्रों ने खतरनाक AQI स्तर दर्ज किया: बवाना (460), चांदनी चौक (455), आनंद विहार (431), आईटीओ (438), नॉर्थ कैंपस डीयू (414), रोहिणी (447), और द्वारका सेक्टर 8 (400)।



isha

*कर्म का अर्थ है जिम्मेदारी को स्वर्ग से हटाकर अपने ऊपर ले लेना। इस तरह आप स्वयं अपने भाग्य के निर्माता बन जाते हैं।*

**- जग्गी वासुदेव**

## महिला जगत

# 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी कराने वाली भारतीय गायिका का नाम गिनीज बुक में दर्ज



भारत की भूमि हमेशा से प्रतिभा, संवेदना और संस्कारों का संगम रही है। यहां कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का दायित्व भी है। इस परंपरा को जीवंत किया है बॉलीवुड की मशहूर गायिका पलक मुच्छल ने, जिन्होंने अपनी सुरीली आवाज़ के साथ मानवता का सबसे सुंदर राग छेड़ा। 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस मनाया जा रहा है और पलक मुच्छल दयालुता का प्रतीक हैं। उनकी मानवता के लिए गिनीज बुक में पलक का नाम भी दर्ज किया गया है।

पलक मुच्छल की कहानी उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने हुनर को समाज के भले के लिए उपयोग में लाना चाहती हैं। उन्होंने यह साबित किया कि सशक्तिकरण केवल करियर या आर्थिक उपलब्धि तक सीमित नहीं, बल्कि किसी की जिंदगी में उम्मीद जगाने की क्षमता में भी निहित है। वह अपने काम से यह दर्शाती हैं कि सच्चा स्टार वही है जो दूसरों के अंधकार में रोशनी बन जाए। पलक मुच्छल का जीवन यह याद दिलाता है कि दया, करुणा और सेवा भी कला की तरह ही आत्मा को छूने वाली ध्वनि हैं। उन्होंने दिखाया कि अगर इरादा सच्चा हो तो एक इंसान हजारों दिलों की धड़कन बन सकता है। आइए जानते हैं पलक मुच्छल के बारे में, क्या है उनकी उपलब्धियां और कैसे वह मानवता की मिसाल बन चुकी हैं।

### सुरों से सेवा तक, पलक मुच्छल का अनोखा सफर

मध्य प्रदेश के इंदौर में जन्मी पलक मुच्छल बचपन से ही सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती हैं। महज़ छह साल की उम्र में उन्होंने सड़क पर गाना गाकर कारगिल शहीदों और गरीब बच्चों के लिए धन जुटाया था। धीरे-धीरे यह छोटी सी पहल एक बड़े जनआंदोलन में बदल गई। आज पलक अपने 'पलक मुच्छल हार्ट फाउंडेशन' के ज़रिए अब तक 3800 से अधिक गरीब बच्चों की हार्ट सर्जरी करवा चुकी हैं, वो भी बिल्कुल मुफ्त। वे खुद कॉन्सर्ट्स से मिलने वाली रकम और अपनी गायकी से हुई कमाई का बड़ा हिस्सा इस नेक काम में दान करती हैं।

### गिनीज और लिम्का बुक में दर्ज हुआ नाम

मानवता के इस असाधारण कार्य ने पलक को न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में सम्मान दिलाया। उनके इस योगदान के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में उनका नाम दर्ज किया गया है।

New Delhi

# उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड: हिमाचल और कश्मीर में जमने लगी धरती, राजस्थान-बंगाल में भी पारा सामान्य से नीचे

**शिमला/श्रीनगर/जयपुर/कोलकाता, (एजेंसी)** उत्तर भारत के कई राज्यों में सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है, जबकि राजस्थान और पश्चिम बंगाल में तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट की चेतावनी दी है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की भी संभावना बनी हुई है, जबकि मैदानी इलाकों में सुबह-शाम ठंडक बढ़ेगी। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार नवंबर के मध्य से दिसंबर के आरंभ तक उत्तर भारत में शीतलहर की स्थिति और तीव्र हो सकती है।

हिमाचल प्रदेश में ठंड ने पहाड़ों और घाटियों दोनों



को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। लाहौल-स्पीति के ताबो में इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज हुई, जहां तापमान माइनस 7.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। कीलोंग में न्यूनतम तापमान माइनस 3.3 डिग्री, कुकुमसेरी में माइनस 3.1 डिग्री और कल्पा में माइनस 0.4 डिग्री रहा। ऊंचाई वाले इलाकों में पानी की पाइपें जम गई हैं और सुबह के समय बर्फीली हवाओं से लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी पारा सामान्य से दो से पांच डिग्री नीचे रहा। शिमला और धर्मशाला में न्यूनतम तापमान क्रमशः 8.2 और 8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, एक अक्तूबर से 13 नवंबर के बीच प्रदेश में सामान्य से 113 फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई है। श्रीनगर में इस मौसम की सबसे ठंडी रात रही, जहां पारा माइनस 2.1 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। यह सामान्य से तीन डिग्री कम है।

Jammu

## दिल्ली धमाके के गुनहगार डॉक्टर उमर का घर ब्लास्ट से उड़ाया गया, पुलवामा में सुरक्षा बलों का एक्शन



**श्रीनगर.** दिल्ली में लाल किले के पास कार ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकी डॉ. उमर मोहम्मद के पुलवामा स्थित घर को सुरक्षा एजेंसियों ने IED से उड़ा दिया है. आतंकवाद के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाई के तहत सुरक्षा बलों ने इलाके को घेरकर पूरी प्रक्रिया को नियंत्रित तरीके से अंजाम दिया. धमाके की जांच में अब तक कई बड़े खुलासे हो चुके हैं. ब्लास्ट से जुड़ी एक और कार गुरुवार को फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी के पार्किंग में मिली. पुलिस के अनुसार, यह कार डॉ. शाहीन शाहिद के नाम पर रजिस्टर्ड है, जिसे पहले ही 'व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल' मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है. फरीदाबाद पुलिस ने बताया कि यूनिवर्सिटी में मिली संदिग्ध मारुति ब्रेजा कार की जांच जम्मू-कश्मीर पुलिस कर रही है. संदिग्ध कार मिलने के बाद बम निरोधक दस्ते को बुलाकर वाहन की तलाशी ली गई. यूनिवर्सिटी परिसर में खड़ी अन्य गाड़ियों की भी जांच की जा रही है और उनके मालिकों की जानकारी की पुष्टि हो रही है. जांच में सामने आया है कि ब्लास्ट के मुख्य आरोपी, डॉ. उमर मोहम्मद, डॉ. मुजम्मिल अहमद और डॉ. शाहीन शाहिद, ने अपनी पूरी प्लानिंग एक एन्क्रिप्टेड स्विस मैसेजिंग ऐप के जरिए बनाई और उसी से अपने आतंकी मिशन को कोऑर्डिनेट किया. ब्लास्ट साइट से मिले DNA सैंपलों से पुष्टि हुई है कि लाल किले के पास विस्फोट हुई सफेद Hyundai i20 कार को डॉ. उमर ही चला रहा था.

New Delhi

## बिना वैध FASTag के टोल प्लाजा में प्रवेश किया तो दोगुना शुल्क

**नई दिल्ली,** अगर आप अक्सर हाइवे पर सफर करते हैं तो यह खबर आपके लिए बेहद जरूरी है। केंद्र सरकार ने टोल प्लाजा के नियमों में बड़ा बदलाव किया है, जो 15 नवंबर 2025 से लागू होगा। इस बदलाव के बाद अब टोल का भुगतान करने के तरीके के आधार पर शुल्क तय किया जाएगा यानी नकद भुगतान करने पर ज्यादा टोल, जबकि डिजिटल भुगतान करने पर राहत मिलेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियम, 2008 में संशोधन किया है। इसके तहत अब अगर कोई वाहन चालक बिना वैध FASTag के टोल प्लाजा में प्रवेश करता है, तो उससे दोगुना शुल्क वसूला जाएगा। लेकिन अगर FASTag फेल हो जाने पर चालक UPI या किसी डिजिटल माध्यम से भुगतान करता है, तो उसे केवल 1.25 गुना टोल शुल्क ही देना होगा। मंत्रालय का कहना है कि यह बदलाव टोल प्लाजा पर पारदर्शिता बढ़ाने, नकद लेनदेन कम करने और डिजिटल इंडिया मिशन को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इससे टोल प्लाजा पर लगने वाली लंबी कतारों में भी कमी आएगी और यात्रियों को तेज और सुगम यात्रा अनुभव मिलेगा।

Chhattisgarh

## कथावाचक आशुतोष बोले- सतनामी होकर गायों को काट रहे

**बिलासपुर,** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भागवत कथा के दौरान कथावाचक आशुतोष चैतन्य महाराज ने सतनामी समाज को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद सतनामी समाज में आक्रोश फैल गया।

वायरल वीडियो में आशुतोष चैतन्य कहते नजर आ रहे हैं 'छत्तीसगढ़ के तखतपुर में कितनी गायें कट रही हैं, आपको पता है? जो पहले सनातनी थे, वो आज सतनामी हो गए। उन मूर्खों को यह समझ नहीं आता कि सतनामी का मतलब क्या होता है। सत नाम केवल राम का है, और वे सतनामी होकर गायों को काट रहे हैं। यह सब आप सबके नाक के नीचे हो रहा है और आपको फर्क नहीं पड़ता। आप लोग अपने बच्चों को सही



परवरिश नहीं दे पा रहे हैं।' कथावाचक के इस बयान के बाद सतनामी समाज ने बड़ी संख्या में रैली निकाली और तखतपुर थाने का घेराव किया। समाज के लोगों ने कथावाचक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। बढ़ते विवाद के बाद पुलिस ने आशुतोष चैतन्य के खिलाफ FIR दर्ज की है।

खेल

# ऋतुराज गायकवाड़ की शतकीय पारी से भारत ए की जीत, पहले अनौपचारिक वनडे में द. अफ्रीका ए को दी मात

**राजकोट।** सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की शतकीय पारी की मदद से भारत ए ने पहले अनौपचारिक वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका ए को चार विकेट से हराया। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए डीन फोरेस्टर, डिलानो पोटगिएटर और जोर्न फॉर्चुइन के अर्धशतकों की मदद से 50 ओवर में नौ विकेट पर 285 रन बनाए। जवाब में गायकवाड़ ने 129 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 117 रनों की पारी खेली जिससे भारत ए ने 49.3 ओवर में छह विकेट पर 290 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

### भारत ए की पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए गायकवाड़ और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने भारत ए को अच्छी शुरुआत दिलाई। अभिषेक 25 गेंदों पर 31 रन बनाकर



आउट हुए। रियान पराग इसके बाद अपना विकेट जल्दी गंवा बैठे और आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर कप्तान तिलक वर्मा ने गायकवाड़ का साथ निभाया और दोनों बल्लेबाजों के बीच अच्छी साझेदारी हुई। इसे बार्टमैन ने तिलक को आउट कर तोड़ा जो 39 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन 17 रन बनाकर चौथे बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे।

गायकवाड़ एक छोर पर टिके रहे और उन्होंने शतक पूरा किया। हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम से रिलीज किए गए नीतीश कुमार रेड्डी ने दूसरे छोर पर गायकवाड़ का बखूबी साथ निभाया। वूरेन ने गायकवाड़ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके कुछ देर बाद बार्टमैन ने नीतीश को आउट किया जो 37 रन बनाकर आउट हुए। फिर निशांत सिंधू और हर्षित राणा ने भारत ए को जीत दिलाई। निशांत 29 रन और हर्षित छह रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ए के लिए वूरेन, फॉर्चुइन और बार्टमैन ने दो-दो विकेट लिए।

### दक्षिण अफ्रीका ए ने की थी खराब शुरुआत

इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ए की शुरुआत बेहद खराब रही थी और टीम ने 53 रन के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, फोरेस्टर, पोटगिएटर और फॉर्चूइन ने अर्धशतक लगाकर ना सिर्फ दक्षिण अफ्रीका ए की पारी को संभाला, बल्कि टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक भी पहुंचाया। पोटगिएटर हालांकि शतक लगाने से चूक गए और 105 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 90 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फोरेस्टर ने 83 गेंदों पर 77 और फॉर्चूइन ने 56 गेंदों पर 59 रन बनाए। इन तीन बल्लेबाजों के अलावा दक्षिण अफ्रीका ए का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। भारत ए के लिए अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा, निशांत सिंधू, रियान पराग और नीतीश रेड्डी को एक-एक सफलता मिली।

सिनेमा

## श्रेया घोषाल के लाइव कॉन्सर्ट में भगदड़ जैसी स्थिति, दो लोग हुए बेहोश



ओडिशा के कटक में गुरुवार को म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान भगदड़ जैसा माहौल बन गया. यहां बॉलीवुड की फेमस सिंगर श्रेया घोषाल का लाइव कॉन्सर्ट रखा गया था, जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ, स्टेज के पास हजारों भीड़ बेकाबू हो गई, जिससे हड़कंप मच गया. सिंगर को सुनने इतनी संख्या में लोग पहुंचे कि धक्का-मुक्की बढ़ गई. धक्का-मुक्की के बाद भगदड़ जैसी स्थिति बन गई. जानकारी के मुताबिक दो लोग इस दौरान बेहोश होकर गिर पड़े. मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और पुलिस ने वहां मोर्चा संभाला. बेहोश हुए लोगों को पास के ही के हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उनका इलाज इस वक्त जारी है. अच्छी बात ये है कि फिलहाल किसी बड़ी अनहोनी की सूचना नहीं है. मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों और पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर व्यवस्था बहाल कर दी. बेहोश हुए दो लोगों को तुरंत इलाज के लिए पास के एक अस्पताल ले जाया गया. म्यूजिक कॉन्सर्ट स्थल पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एसीपी) सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्थिति पर नजर रखने और भीड़ को संभालने के लिए मौके पर पहुंचे. इस मामूली घटना के बाद अधिकारियों ने कार्यक्रम के समापन समय के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है.

## Highlights

1. 8 suspects planned to carry out serial blasts in 4 Indian cities: Report
2. I see fire & bodies when I close my eyes: Red Fort blast survivor
3. Pakistan is not for sane people: Pak journalist who said Pak Army is behind Delhi car blast
4. Delhi blast accused procured 2,000 kg of NPK fertiliser to make explosives: Report
5. CJI Gavai recalls Mathura rape case, says SC 'failed' its citizen

# Manipal Group submits a second bid to acquire Byju's with an eye on Aakash

**NEW DElHI, (Agency).** Ranjan Pai-led Manipal Education & Medical Group Pvt. Ltd. has submitted a second bid to acquire Byju's parent Think & Learn Pvt. Ltd. under insolvency, in what is seen as a move to wrest control of Aakash Educational Services Ltd.—a profitable test-prep coaching centre that Byju's acquired in 2021.




According to the expression-of-interest documents filed with Byju's resolution professional, Manipal Group has sought to be included as a prospective bidder, so that it can conduct a due dilligence of the insolvent company's financial and operational details to draw up a resolution plan.

This is Manipal Group's second EoI since the resolution professional extended the submission date to 13 November 2025 due to lack of bidders. It's however understood that Ranjan Pai is the sole bidder for Byju's.

To be sure, an EoI does not guarantee that a bidder would be shortlisted or approved for the next phase of insolvency resolution.

The Aakash Angle

Manipal Group's primary interest is understood to be in Aakash Educational Services Ltd., the profitable test-prep coaching chain that Byju's acquired in 2021. Ranjan Pai is already a major stakeholder in AESL, holding ~40% stake, after previously converting a loan to equity to help Byju's settle a debt.

Byju's stake in AESL has reduced to 25.7% following a court-approved rights issue that it was bitterly against. Acquiring Byju's remaining stake would give Manipal Group a clear path to control Aakash Institute.

# OnePlus 15 review: Game face on, and a new direction to run in

**NEW DElHI, (Agency).** A number skipped, and a lot seems to have changed with this generational transition. The OnePlus 15 is of course being positioned as a performance oriented flagship Android phone, but the reality is that this phone isn't simply a wholesome generational step forward that you'd expect. OnePlus' subtle pivot is to be appreciated, one that focuses on raw performance



and gaming experiences, while hoping the camera still impresses the loyalists, with the Hasselblad reassurance no longer around now. If extracting best performance means streamlining costs elsewhere, so be it. Yet, this will be a considerable shakeup for OnePlus flagship loyalists to contend with, and perception results could go either way. More so, with the looming shadow of Oppo's upcoming Find X9 series. This time, OnePlus' focus seems to be laser focused on getting the gaming experience right-er. The new direction could well be a good thing. Everything seems to be aligned towards that — the choice of the Qualcomm Snapdragon 8 Elite Gen 5 chip (though you'd expect no less in a new flagship), a more elaborate approach to the display, as well as changes to Oxygen OS. The silicon aspect is a troika, with a touch response chip and the G2 Wi-Fi chip alongside the Snapdragon 8 Elite Gen 5, which itself is very new. That's not it, in terms of what defines performance.

# दिल्ली ब्लास्ट का 'सुराग' ढूंढने महू आएगी टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दिल्ली ब्लास्ट मामले में मध्य प्रदेश के महू के मूल निवासी जवाद अहमद सिद्दीकी को पुलिस तलाश रही है। जवाद फरीदाबाद की उस अल फलाह यूनिवर्सिटी का संस्थापक चेयरमैन है, जिसमें धमाके का मुख्य आरोपी डॉ. उमर नबी पढ़ाता था। वह अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट का संचालक भी है।**

जवाद का आतंकी कनेक्शन जांचने के लिए दिल्ली पुलिस की एक टीम महू पहुंच रही है। ये टीम महू के कायस्थ मोहल्ले में बने जवाद के परिवार के मकान की तलाशी भी लेगी। पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ भी करेगी। जांच के दौरान पता लगा है कि जवाद ने सबसे पहले महू में अल फलाह इन्वेस्टमेंट कंपनी के नाम से कारोबार शुरू किया था। मुनाफे का लालच देकर लोगों से निवेश कराया। फिर 2001 में आर्थिक गड़बड़ी के बाद परिवार समेत दिल्ली भाग गया। फरीदाबाद में अल फलाह यूनिवर्सिटी की शुरुआत की।

# ट्रांसजेंडर के साथ दोस्त ने ही किया रेप, पैसे भी हड़पे, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर में एक ट्रांसजेंटर के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोपी पीड़ित का ही दोस्त था। आरोपी ने पीड़ित से 25 लाख रुपये भी हड़प लिए और जेंडर बदलवाने का दबाव बनाया। विजय नगर पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।आरोपी युवराज राजपूत उर्फ बन्ना पर दुष्कम सहित अन्य धाराएं लगाई गई है।

पुलिस के अनुसार ट्रांसजेंडर देवास का रहना वाला है और मॉडलिंग के क्षेत्र में सक्रिय है। उनकी एक पार्टी में युवराज से दोस्ती हुई थी। ट्रांसजेंडर से युवराज ने दोस्ती बढ़ाई। एक दिन वह पीड़ित के घर पहुंच गया और उसके साथ रेप किया।

आरोपी ने कहा कि वह शादी करना चाहता है, लेकिन उससे पहले जेंडर बदलना होगा। पीड़ित उसकी बातों में आ गया। युवराज उसे एक डॉक्टर के पास ले गया और जेंडर बदलने के लिए ट्रीटमेंट शुरू कर दिया। युवराज बार-बार पीड़ित से पैसे मांगता था। उस पैसे से उसने एक कार भी खरीद ली। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि 25 लाख रुपये लेने के बाद वह बदल गया और जेंडर बदलने का ट्रीटमेंट भी बंद करा दिया। जब पीड़ित ने पैसे मांगे तो आरोपी ने कहा कि उसे उसके दोस्त के साथ भी संबंध बनाना होंगे। इसके बाद उनसे मारपीट भी की। पुलिस ने आरोपी की तलाश में छापे भी मारे है।

# शादी से मुकरे प्रेमी से आहत नाबालिग का सुसाइड प्रयास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणगंगा इलाके में रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने मंगलवार रात आत्महत्या का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पीड़िता का इलाज जारी है। पुलिस जब बयान दर्ज करने पहुंची, तो पीड़िता ने बताया कि शादी का झांसा देकर एक युवक ने उसे धोखा दिया था।

करीब डेढ़ साल पहले दोनों की पहचान इंस्टाग्राम पर हुई थी। इसके बाद आरोपी ने उसे अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने बुधवार रात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, नाबालिग लड़की की शिकायत पर पुलिस ने संजय यादव निवासी गौरीनगर के खिलाफ बुधवार को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि संजय से उसकी पहचान 2024 में हुई थी, जब वह काम के सिलसिले में उसकी कॉलोनी में आया था। उस समय संजय की बाइक पर उसकी इंस्टाग्राम आईडी लिखी थी, जिसे देखकर लड़की ने उसे फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। कुछ समय बाद संजय ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया और कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है। इसी साल वह उसे घूमाने के बहाने अपने साथ लेकर गया और गौरीनगर स्थित घर पर ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद वह कई बार उससे मिलता रहा और संबंध बनाता रहा। जब नाबालिग ने उससे शादी की बात की तो संजय ने उसे धमकाया और कहा कि वह तो सिर्फ टाइम पास कर रहा था। इससे आहत होकर लड़की डिप्रेशन में चली गई और मंगलवार रात उसने आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में दिए गए बयान में पीड़िता ने संजय की हरकतों का खुलासा किया। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने रात में ही एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। संजय पेशे से प्लंबर है और करीब एक साल पहले काम के दौरान नाबालिग के इलाके में आया था।

# चैकिंग के दौरान चोरी के वाहन किए जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पुलिस आयुक्त, नगरीय इन्दौर संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, नगरीय इन्दौर (कानून/अपराध) अमित सिंह के द्वारा चैकिंग के दौरान संदिग्ध वाहनों एवं असमाजिक तत्वों पर उचित वैधानिक कार्यवाही के निर्देश प्राप्त हुये। उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस उपायुक्त, जोन-03 नगरीय इन्दौर राजेश व्यास, अति. पुलिस उपायुक्त, जोन-03 नगरीय इन्दौर रामसनेही मिश्रा, सहायक पुलिस आयुक्त, कोतवाली इन्दौर विनोद दीक्षित के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रवीन्द्र पाराशर के नेतृत्व में पटेल ब्रिज के पास संदिग्ध वाहनों एवं असमाजिक तत्वों की चैकिंग की जा रही थी, तभी मोटर साईकिल पर सवार संदिग्ध व्यक्तियों को संदेही लगने पर रोका गया एवं उक्त वाहन के दस्तावेजों के संबंध में पूछताछ करते संतुष्टीपूर्वक जवाब नहीं देते वाहन को छोड़कर भागने लगे। तभी चैकिंग में लगे बल की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदिग्ध बदमाशों से नाम पता पूछते नाम 1. अनवर हुसैन पिता अफजल हुसैन उम्र 22 साल नि. 467 ग्रीन पार्क कालोनी धार रोड इन्दौर 2.शोएब अली पिता करामत अली उम्र 21 साल नि. हाजी कालोनी दरगाह के पीछे थाना खजराना इन्दौर का निवासी होना बताया। बदमाशों से वाहन के संबंध में हिकमदमली से पूछताछ करते बताया कि उनके द्वारा वाहन को बस स्टेण्ड जिला बुरहानपुर से चोरी किया था तथा इन्दौर शहर के विभिन्न थानों से कई वाहनों की चोरी की है, तथा चोरी किये गये वाहनों का अपने शौक को पूरा करने के लिये तथा लड़कियों को घुमाने के लिए चोरी के वाहनों का उपयोग करते थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक